




# बारात के दौरान चली गोली, एक मृत

## धर्मश्री क्षेत्र में शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम, पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ जाम

नवभारत न्यूज

**सागर 13 फरवरी. मोतीनगर थाना अंतर्गत धर्मश्री क्षेत्र में निकल रही बारात में चली गोली से बैंड पार्टी के एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई. आज पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. जिसके पश्चात परिजनों ने शव रखकर जाम लगा दिया.**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोतीनगर थाना क्षेत्र के धर्म श्री क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन में बारात आना थी गोला कुंआ के पास से बारात निकल रही थी कि तभी गाना बजाने को लेकर कोई विवाद बैंड पार्टी के सदस्य से होना बताया गया है. जिसके बाद ही अज्ञात व्यक्ति ने बाउंसर की बंदूक छीनकर विवेक बसंल उम्र 15 वर्ष को मार दी. जिससे विवेक की मौके पर ही मौत हो गई. बारात सोनी समाज की बताई गई है. बारात में शामिल युवक की पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो सकी है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय देर रात्रि भेज दिया गया. आज शुक्रवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम हुआ और परिजनों को सौंपा गया. जिसके पश्चात परिजनों ने शव रखकर सड़क पर जाम लगा दिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई. पुलिस ने मर्ग कायम किया है.

मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि कल रात्रि हुई घटना के दौरान गोली चलने से टपरियां थाना केंट निवासी 15 वर्षीय विवेक की मौत हो गई थी, जो कि बैंड पार्टी का सदस्य था. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में ले लिया है. साथ ही बारात में शामिल 4-5 लड़कों को भी पूछताछ के लिए थाने में बुलाया गया है. पुलिस ने बारात में शामिल फोटोग्राफर के माध्यम से ड्रोन कैमरे के फुटेज भी ले लिए हैं जिससे कल तक आरोपी स्पष्ट हो जायेगी. जाम के दौरान परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है.

## बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण

**सागर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा संपन्न हुई. डीईओ अरविंद जैन ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं और परीक्षाएँ अनुशासित वातावरण में संचालित हुईं. उन्होंने बताया कि हायर सेकेंडरी अंतर्गत अर्थशास्त्र विषय में 11,969 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 11,847 उपस्थित रहे, जबकि 122 अनुपस्थित रहे. भौतिकशास्त्र में 8,364 में से 8,302 विद्यार्थी उपस्थित तथा 62 अनुपस्थित रहे. वहीं एनिमल हसबेंडरी, मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एंड फिशरीज विषय में 535 में से 526 परीक्षार्थी उपस्थित और 9 अनुपस्थित दर्ज किए गए, इसी प्रकार विज्ञान के तत्व विषय में 1 विद्यार्थी ने परीक्षा दी और कोई अनुपस्थित नहीं रहा. हाई स्कूल स्तर पर उर्दू विषय में सभी 11 पंजीकृत विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए.

# परसोरिया में दीनी जलसा, दस्तारबंदी संपन्न

## हिफ्ज-ए-कुरआन मुकम्मल करने वाले छात्रों को किया गया दस्तार पहनाकर सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 13 फरवरी. जिले के परसोरिया स्थित मौलाना आजाद एजुकेशन कैंपस में आयोजित दीनी जलसा अकीदत और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ.**

जलसे में मुख्य अतिथि देश के प्रख्यात इस्लामी विद्वान मौलाना हुजैफा साहब गुलाम मोहम्मद वस्तानवी की विशेष मौजूदगी रही. कार्यक्रम में शहर मुफ्ती तारिक अनवर साहब, अमीरे जमात इम्तियाज अहमद साहब, तथा से मुफ्ती मुस्तुफा साहब, सहित अन्य उलेमा-ए-किराम और नागरिक उपस्थित रहे. सागर सहित जिलेभर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने जलसे में शिरकत की. जलसे का मुख्य आकर्षण मदरसे के 12 विद्यार्थियों की दस्तारबंदी रहा.



इस दौरान हिफ्ज ए कुरआन मुकम्मल करने वाले छात्रों को उलेमा-ए-किराम के हाथों दस्तार पहनाकर सम्मानित किया गया. अपने बयान में मौलाना हुजैफा साहब गुलाम मोहम्मद वस्तानवी ने कहा कि वर्तमान दौर में दीन और दुनियावी तालीम का संतुलन बेहद जरूरी है. उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छे अखलाक, अनुशासन और मेहनत की राह पर आगे बढ़ाएं. मंचासीन उलेमा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, इंसानियत और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना समय की अहम जरूरत है. उन्होंने कहा कि मदरसे न केवल धार्मिक शिक्षा के केंद्र हैं, बल्कि चरित्र निर्माण की मजबूत बुनियाद भी तैयार करते हैं. कार्यक्रम सुबह प्रारंभ होकर नमाज़-ए-असर तक जारी रहा. नमाज़-ए-जुम्मा भी अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. मदरसा प्रबंधन की ओर से बेहतर व्यवस्थाएं की गई थीं. अंत में सामूहिक दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ.

## एक नजर में




### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर कार्यक्रम

**राहतगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रियांशी राजौरिया ने बताया कि विद्यार्थीयो में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति उनकी मानसिक अस्वस्थता है, उनके इस तनाव को योग तथा ध्यान ही दूर कर सकता है. संदीप जैन ने कहा कि आज का जीवन विविध जटिलताओं से भरा है इसलिए हमें समय निकालकर योग और ध्यान अपने जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए. आशीष रैकवार ने बताया कि की प्राणायाम एक ऐसा अस्त्र है जिससे हम अपनी प्रकृति में जीकर अवसाद से दूर रहते हैं. डॉ श्रीकांत रिंगे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में महर्षि पतंजलि का योग दर्शन आज के विद्यार्थियों हेतु अतिमहत्वपूर्ण है. प्राचार्य चंदनसिंह सागर, निधि नगाइच, अपर्णा दुबे, रश्मि जैन, दीपशिखा नेमा, छोटूराम सेन, अनिल अहिरवार, कुंदनलाल पटेल, ममता रैकवार, संजय पटेल, लखन पटेल मौजूद रहे.



### क्रिश्चियन कॉलोनी में सीसी सड़क निर्माण

**सागर.** मधुकरशाह वार्ड स्थित क्रिश्चियन कॉलोनी पास्टर साहब वाली गली में सीसी सड़क का निर्माण पार्षद श्रीमती रिचा सिंह के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है. स्थानीय रहवासी पास्टर जयंत मैथ्यूज ने बताया कि क्रिश्चियन कॉलोनी आजादी के पूर्व की कॉलोनी में से एक है, लगभग डेढ़ सौ वर्ष बाद इस गली का निर्माण कार्य श्रीमती रिचा सिंह के द्वारा कराया जा रहा है. पास्टर श्री मैथ्यूज द्वारा भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया गया.



### नपा द्वारा हटाए गए सड़क किनारे के ठेले

**सागर.** सड़क किनारे खुले में ठेलों पर और अस्थाई दुकानों पर मांस अंडों का विक्रय करने वालों के खिलाफ नगर पालिका परिषद मकरोनिया ने कार्रवाई करते हुए उनके ठेले और दुकानों को हटवाते हुए उन्हें दोबारा यहां रजाखेड़ी एवं मकरोनिया चौराहे के आस पास दुकान न लगाने की चेतावनी दी. नपा द्वारा यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई. अतिक्रमण प्रभारी उपयंत्री वर्षा साहू ने कर्मचारियों के साथ रजाखेड़ी चौराहे एवं मकरोनिया के आसपास पहुंच कर सड़क किनारे लगी अस्थाई मांस एवं अंडे की दुकानों को हटवाया एवं एवं रोड पर गुमटी बना कर एवं टीन शेड निकाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की गई एवं सामग्री को जब्त किया.



### 50 लाख रुपए की शासकीय भूमि मुक्त कराई

**बंडा.** अनुविभागीय अधिकारी बंडा रवीश श्रीवास्तव के आदेश पर तहसीलदार मोहित जैन द्वारा गठित राजस्व निरीक्षक पटवारियों की टीम द्वारा नगर बंडा की बेशकीमती एक एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई. नगर परिषद बंडा के सीएमओ श्री अहिरवार अपने अतिक्रमण विरोधी दस्ता के साथ एवं थाना प्रभारी अंजली उदेनिया व पुलिस बल की उपस्थिति में ग्राम बंडा की शासकीय भूमि खसरा नंबर 823 के भाग रकवा एक एकड़ जो वार्ड क्रमांक 4 में मीट मार्केट पर लोगों द्वारा पक्का स्थाई अतिक्रमण कर लिया था उसे प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंच अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया.

# रेडियो दिवस पर भ्रमण कराया



नवभारत न्यूज

**सागर 13 फरवरी. विश्व रेडियो दिवस पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभाग के शिक्षकों डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल के नेतृत्व में आकाशवाणी का भ्रमण किया.**

कार्यक्रम प्रमुख दीपक निषाद ने रेडियो की प्रासंगिकता एवं उसकी महत्ता के बारे में जानकारी दी. आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक जय शेखर ने आवाज की दुनिया से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया. इस दौरान श्याम सिंह, दिलीप चौरसिया, गायत्री उपाध्याय एवं छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए.

# रासेयो का सात दिवसीय शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 13 फरवरी. राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर बौद्धिक सत्र प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.**



सत्र के मुख्य अतिथि डॉ मिथलेश शरण चौबे ने कहा कि व्यक्ति से व्यक्तित्व के निर्माण में, राष्ट्रीय सेवा योजना का एक अहम किरदार निभा रही है. जीवन में प्रत्येक व्यक्ति का आना-जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है परंतु व्यक्तित्व जीवन का चिरंजीवी तत्व है. डॉ राकेश चढ़ार द्वारा छात्राओं को स्वच्छता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं परीक्षा प्रणाली आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला. प्रतिमा खरे द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया. स्वास्थ्य शिविर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता दुबे एवं टीम द्वारा लगाया गया. शिविर में महिलाओं और छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श के साथ दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया.

शिविर में पुलिस साइबर सेल की सब इंस्पेक्टर आशिमा गौतम ने कहा कि आज के डिजिटल युग में बहुत से क्राइम मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं.

## युवती की संदिग्ध मौत परिजनों ने आरोप लगाया

**ललितपुर.** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किराये के मकान में रह रही युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झरकौन मजरा हरपुरा निवासी भवानी सिंह की शहर के कैलागुवां रोड स्थित किराये के मकान में रहकर ब्यूटी पार्लर का संचालन करती थी. परिजनों का आरोप है कि गांव के ही निवासी कृष्णपाल सिंह उर्फ पप्पू यादव लंबे समय से अंजना को शादी के लिए दबाव बना रहा था. मना करने पर वह उसे लगातार परेशान कर रहा था और जान से मारने की धमकियां दे रहा था. परिजनों का यह भी आरोप है कि आरोपी ने युवती के अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने की धमकी दी थी. जब परिजन उससे संपर्क नहीं कर पाए तो वे उसके किराये के कमरे पर पहुंचे, जहां दरवाजा अंदर से बंद था. दरवाजा खोलने पर अंजना का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला. पुलिस ने शव को कब्जे में लिया.

# बुंदेलखंड की समस्याओं को लेकर दिल्ली में धरना

नवभारत न्यूज

**सागर 13 फरवरी. सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और गरीबी दूर हो सकती है, लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है लेकिन बुंदेलखंड को उसकी जरूरत के मुताबिक रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती. सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है.**




समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही. उन्होंने आव्हान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाए. इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आये थे. धरने के बाद प्रधानमंत्री, रेलमंत्री व वनमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया. धरने को राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने संबोधित किया. धरने में पूर्व विधायक तरवर सिंह, श्रीमति अनीता सिंह मौजूद थीं. संचालन रामकुमार पचौरी ने किया.

# लाइनमैन की मनमानी से गांव अंधेरे में, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 13 फरवरी. ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम नयागांव में विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

ग्रामीणों का आरोप है कि जेई के कहने पर लाइनमैन व संबंधित कर्मचारियों द्वारा गांव की बिजली काट दी गई, जिसके बाद से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार 18 फरवरी से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ होनी हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण बच्चों को रात में पढ़ाई करने में भारी दिक्कत हो रही है. इससे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है. अंधेरे के कारण गांव में चोरी की घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है. रात के समय जंगली जानवरों व जहरीले जीव-जंतुओं के गांव में घुस आने का खतरा भी बना रहता है, जिससे किसी भी समय जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. जिलाधिकारी को ग्रामवासियों ने शिकायती की है.

# महाकाल की शाही बारात में शिवमय होगा सागर

## महाशिवरात्रि पर निकलेगी शोभायात्रा कल, भोपाल-उज्जैन के दल होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**सागर 13 फरवरी.महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को जय महाकाल हिंदू संगठन के तत्वावधान में बाबा महाकाल की शाही बारात नगर में निकाली जाएगी. आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. प्रमुख मार्गों पर सजावट का कार्य अंतिम चरण में है. यह शाही बारात का 10 वां वर्ष है.**

यह शाही बारात श्रीदेव सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, चंपाबाग लक्ष्मीपुरा से दोपहर बाद 4 बजे प्रस्थान करेगी. भगवान भोलेनाथ दूल्हा स्वरूप में सुसज्जित पालकी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे. जगत जननी माता पार्वती वधु स्वरूप में पूजित होंगी.

श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में पालकी को कंधों पर उठाकर हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा में सहभागी बनेंगे.



बारात चंपाबाग से प्रारंभ होकर लक्ष्मीपुरा, मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों से होते हुए कटरा क्षेत्र पहुंचेगी. मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए जा रहे हैं, जहां पुष्पवर्षा, आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी. कटरा पहुंचने के बाद फायर शो और सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन प्रस्तावित है. इस वर्ष की शाही बारात में प्रदेश के विभिन्न शहरों से दल शामिल होंगे. उज्जैन का प्रसिद्ध भस्मारमय डमरू दल अपनी पारंपरिक प्रस्तुति देगा, भोपाल से किंग नटराज डीजे टीम, डीए तांडव, डीए कालका, विजय डीजे, कृष्णा डीजे और अंशु प्रो ग्रुप भी प्रस्तुति देंगे. जबलपुर से तहलका धमाल दल, करेली से मसू ढोल समूह तथा बेगमगंज से राजकुमार ताशा दल भी शाही बारात का हिस्सा बनेंगे. महाउत्सव की शुरुआत 13 फरवरी को श्री गणेश पूजन एवं तेल अनुष्ठान से होगी. 14 फरवरी को मातृका पूजन एवं मंडप (हल्दी) की रस्में संपन्न होंगी. इसी दिन शाम 7 बजे से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा, जो देर रात तक भक्तिमय वातावरण में चलेगा. मुख्य आयोजन 15 फरवरी को होगा. सांय 4 बजे शाही बारात प्रारंभ होगी और रात्रि 8 बजे से शिव विवाह की मंगल रस्में संपन्न की जाएंगी.आयोजकों का कहना है कि यह बारात सामाजिक समरसता और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत करती रही है.

# मुंबई में होगी मासूम की सर्जरी

नवभारत न्यूज

**खुरई 13 फरवरी. मालथौन विकासखंड के ग्राम पाती खेड़ा निवासी मात्र 2 माह के अयांश को जन्म से आई हृदय की गंभीर बीमारी का उपचार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से मुंबई के एसआरसीसी हॉस्पिटल में आरंभ हो गया है.**

ग्राम पाती खेड़ा निवासी सूरज सिंह राजपूत और तुलसा राजपूत ने रायपुर की अस्पताल से श्री सिंह के कार्यालय में संपर्क करके अपने इकलौते बेटे अयांश की जीवन मृत्यु के बीच झूलने की परिस्थिति बताई थी. श्री सिंह ने अयांश के परिजनों से पूरी जानकारी ली और उन्हें तुरंत रायपुर से लौटकर सागर बुंदेलखंड मेडीकल कालेज में अयांश को लाने को कहा. वापस लौटने पर तुरंत बीएमसी में अक्षांश को दाखिल कराया गया जहां उसे आक्सीजन सपोर्ट पर डाक्टरों की निगरानी में रखा गया. इस बीच पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने कलेक्टर संदीप जीआर और सीएमएचओ श्रीमती ममता तिमोरी को प्रकरण से अवगत कराया और हर संभव प्रयास करके अयांश के उपचार की व्यवस्था करने के लिए विस्तार से चर्चा की. पूर्व मंत्री श्री सिंह ने स्वयं एसआरसीसी हास्पिटल मुंबई में संपर्क करके चिकित्सकों से अयांश की मेडीकल हिस्ट्री को कंसल्ट किया.

यह हास्पिटल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के हृदयरोग के उपचार के लिए चिन्हित किया गया है. मुंबई के हास्पिटल ने आपरेशन से अयांश का उपचार करने पर सहमति जताई है.

# विलंब से पहुंचा प्रश्न पत्र, कलेक्टर प्रतिनिधि पटवारी का हुआ निलंबन

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 13 फरवरी. कलेक्टर संदीप जी.आर के निर्देश पर पटवारी तहसील शाहगढ़ एवं कलेक्टर प्रतिनिधि प्रमोद यादव को पुलिस थाना शाहगढ़ से विलंब से प्रश्न पत्र निकालने एवं परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा. विद्यालय, तारपोह, विकासखण्ड शाहगढ़ पर प्रश्न पत्रों के विलंब से पहुंचाने पर एसडीएम बंडा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया.**

एसडीएम बंडा कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार कलेक्टर प्रतिनिधि प्रमोद यादव द्वारा आज प्रात: 07:40 बजे पर प्रश्न-पत्र पुलिस थाने से निकाले गये, कलेक्टर प्रतिनिधि पटवारी पुलिस थाना शाहगढ़ में प्रात: 08:05 पर उपस्थित हुये. परीक्षा केन्द्र तारपोह की दूरी पुलिस थाना शाहगढ़ से 15 कि.मी. है, जिससे प्रश्न-पत्र समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने मे विलम्ब हुआ और परीक्षा प्रभावित हुई. ज्ञातव्य हो कि श्री यादव पटवारी को पहले ही अवगत करा दिया गया था कि परीक्षा के प्रश्न पत्र को पुलिस थाना से निकालने का समय तय है.

**कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर**

NAAC द्वारा महाविद्यालय को 'A' ग्रेडप्रदत्त

Office Phone/Fax 07582-404480 Email - heggpgcsag@mp.gov.in

क्रमांक / 3939/2026 सागर दिनांक- 13/02/2026

**निविदा आमंत्रण**

महाविद्यालय की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए स्वर्ण पदक प्रदान करने निम्नानुसार पदक निर्मित करने आपकी मूल्य दरें आमंत्रित की जाती है। आप अपनी मूल्य दर प्राचार्य के नाम से बंद लिफाफे में अंतिम तिथि 6 मार्च 2026 तक सायं 4 बजे तक महाविद्यालय को प्रेषित करने की व्यवस्था करें।

| चांदी का सिक्का 25 ग्राम चांदी | सिक्के पर सोने की परत 250 मि.ग्रा. | सिक्का मजदूरी | मूल्य प्रति सिक्का | टेक्स प्रति सिक्का | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**शर्त - पात्र निविदा दाता को सामग्री प्रदाय के साथ सामग्री गुणवत्ता का प्रमाणिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

**नोट** :- अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। पदक निर्मित कराने अथवा न कराने संबंधी सर्वाधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेंगे। निविदा निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य के पास होगा।

**डॉ. पद्मा आचार्य**
**प्रभारी जनभागीदारी समिति**

**डॉ. आनंद तिवारी**
**प्राचार्य**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन मंडल दक्षिण सागर के अंतर्गत पंजीकृत आरा मशीन क्रमांक SC-27 मेसर्स प्रवीण भाई पटैल आ. अवजी भाई पटैल तुलसीनगर वार्ड भगवानगंज सागर के नाम से पंजीकृत है। अब ये आरामशीन श्री अनुराग सिंह चौहान तनय श्री कृष्ण कुमार चौहान निवासी ग्राम मुरदिया तह ब्यौहारी जिला शहडोल को विक्रय कर दी है। उक्त आरा मशीन मेरे स्वमित्व की है यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के सूचना दाता या वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर के समक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा मान्य नहीं होगा।

**दिनांक 12.02.2026**

सूचनादाता
प्रवीण भाई पटैल
भगवानगंज सागर

## AFFIDAVIT FOR CORRECTION OF NAME OR RETIRED...OR

I Army No **14667843N** Rank **Ex-NK** Name **Anand Saini** resident of Gopal Ganj, Sagar 470002 do hereby solemnly affirm and declare as under:

**(a)** That my name in my Service Records (Army) has been mentioned as ANNAD whereas my correct name as per my education documents, PAN Card and Aadhar Card is **Anand Saini.**

**(b)** That I am producing this affidavit for the purpose of evidence for my name.

**(c)** That both names **ANNAD** and **Anand Saini** pertain to one and the same Person.

**(d)** That I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceedings dealing with transactions, private, as well as, under all occasions what so ever be known as only **Anand Saini** (New Name).

**(e)** That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there form.

**(f)** I am enclosing copies of self attested Aadhar Card, PAsN Card and education documents as proof.

**Date : 12.02.2026**
**Place : SAGAR**

**(Signature Of Deponent)**